**अंदेशा** | बेलखाड़ू-पनागर मार्ग पर सड़क धंसने से हादसे का खतरा, सुधार कार्य नहीं होने से ग्रामीणों में बढ़ रही नाराजगी

# जानलेवा साबित हो रही सड़क पर पड़ी गहरी दरार





**बेलखाड़ू, नवभारत, जबलपुर।** तहसील पनागर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरोदा के पास बेलखाड़ू से पनागर मार्ग पर सड़क की हालत लगातार खराब होती जा रही है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित इस सड़क पर कई स्थानों पर गहरी दरारें पड़ गई हैं तथा सड़क धंसने लगी है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर लंबे समय से दरारें दिखाई दे रही हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार अमले द्वारा इस दिशा में किसी भी प्रकार की मरम्मत का कोई कार्य नहीं कराया गया है। स्थानीय जनों एवं प्रतिदिन इस सड़क से आवागमन करने वाले राहगीरों ने बताया कि सड़क के बीचों-बीच और किनारों पर पड़ी दरारें दिन-प्रतिदिन चौड़ी होती जा रही हैं, जिससे दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय जनों ने बताया कि बघोंडा, बरोदा, चौबे उमरिया सहित अन्य गांव के नागरिकों ने एमपीआरडीसी एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़क का तत्काल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत कराई जाए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### अब तक अनेकों वाहन चालक हो चुके हैं चोटिल

ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय सड़क की क्षतिग्रस्त स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देती, जिसके कारण कई वाहन चालक वाहन सहित बहककर, फिसलकर गिर चुके हैं। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि सड़क के अधिक धंसने की स्थिति में यात्री बस या अन्य चारपहिया वाहन भी अनियंत्रित होकर पलट सकते हैं, जिससे गंभीर जनहानि होने की संभावना बनी हुई है।

### इनका कहना है



सड़क की दरारों और धसाव के कारण वाहन बहक जाते हैं, सड़क के बीच के कटाव में टायर जाते ही कट लग जाता है, रिंग बैंड हो जाते हैं। जिसे विभाग को जल्द भरना चाहिए।

**शैलेंद्र पटेल शैलू, ग्राम खिरिया**



हमें प्रतिदिन इसी सीमेंट सड़क से दुपहिया, चार पहिया वाहन से आवागमन करना पड़ता है। इन दरारों के कारण वाहन चलाते समय जरा सी चूक होने पर गिरते-गिरते बचते हैं।

**लकी पटेल, ग्राम पिपरिया**



# आंशिक बारिश ने लोगों को पहुंचाई राहत

**नौतपा के सातवें दिन बदला मौसम का मिजाज, तापमान में गिरावट की गई दर्ज**

**जबलपुर।** नौतपा के सातवें दिन मौसम के तेवर कुछ नरम पड़ते नजर आए। दिन में हल्की धूप और उमस के बीच शाम होते-होते आसमान में बादलों ने डेरा डाल लिया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से आंशिक राहत मिली।

पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही तेज गर्मी और गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित हो रहा था। हालांकि रविवार शाम मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। आसमान में बादल छाने से तापमान में गिरावट महसूस की गई और वातावरण अपेक्षाकृत सुहावना हो गया।

शाम के समय बादलों की मौजूदगी के कारण लोगों ने खुले स्थानों और बाजारों में राहत महसूस की। गर्मी के तेवर कुछ कम होने से बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को भी राहत मिली। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी और बादलों की आवाजाही का क्रम जारी रह सकता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नौतपा के दौरान मिली यह राहत भले ही अस्थायी हो, लेकिन इससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ समय के लिए राहत अवश्य मिली है। लेकिन थोड़ी देर की बारिश ने जहां लोगों को राहत प्रदान की वहीं उमस बढ़ने से लोग बेचैन नजर आए। स्थानीय जनों के अनुसार इस हल्की बारिश से जहां बीमारी बढ़ने का खतरा भी बढ़ाया है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में जहरीले जीव जंतु के निकलने का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं लाइट की ट्रिपिंग भी लोगों को हलाकान कर रही है ग्रामीणों को रात के अंधेरे में जहरीले जीव जंतु के शिकार होने का खतरा भी बढ़ा दिया है।




# बेलखाड़ू ब्लॉक कांग्रेस ने करमेता में किया पुतला दहन


**अवैध शराब, किसानों की समस्या, बिजली, पानी रहे प्रमुख मुद्दे**

**नवभारत, बेलखाड़ू।** जबलपुर जिला कॉंग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव उपस्थिति में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाड़ू के अंतर्गत करमेता मंडलम कांग्रेस मे पोल खोल हल्ला बोल अभियान अंतर्गत विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया।

गांव गांव बिक रही अवैध शराब, किसानों की विभिन्न समस्या, बिजली-पानी की समस्या,जैसे जनता की तकलीफों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय पार्षद सतेन्द्र चौबे, राकेश तिवारी, संगठन मंत्री राजेश पटेल, बेलखाड़ू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत परिहार, करमेता मंडलम अध्यक्ष पवन सोनी, शुभम पटेल, रिंकू तिवारी, रिंकू शर्मा, अमन गोस्वामी, सौरभ अहिरवार, दिनेश पटेल, नीलेश पटेल, संतोष सोनू, धर्मेंद्र पटेल, नीलेश साहू, हर्षित यादव, अमन महेरे, सुनील उपाध्याय, संतोष पटेल, सोनू कुकरेले, आशीष ताम्रकार सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जवाहर लाल लखेरा का निधन



**पनागर।** गांधी वार्ड निवासी श्री जवाहर लाल लखेरा का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप जितेंद्र लखेरा एवं कपिल लखेरा के पिता जी थे अंतिम संस्कार बलेहा तालाब मुक्ति धाम में किया गया।

### मानवाधिकार जागरूकता पर युवा संवाद आयोजित

**मंडला।** नगर महिष्मति घाट पर मानवाधिकार जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार के राष्ट्रीय सदस्य प्रियंक कानूनगो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।





# नवनियुक्त ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष का कटंगी में हुआ सम्मान

**नवभारत, कटंगी जबलपुर।** नव नियुक्त जबलपुर जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष शिव नामदेव का कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा गर्मजोशी से फूल-मालाओं से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

कटंगी में इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष शिव नामदेव को नए दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शहडोल-उमरिया प्रभारी सम्मति सैनी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश पटेल, सेवादल अध्यक्ष पं सतीश तिवारी, संगीता सिंह, राजेश चौधरी, महेश चौहान, राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल, मधुपाल सिंह, अतुल विश्वकर्मा, कमलेश सिंह, राजकुमार चक्रवर्ती, राजेंद्र वाल्मीकि, सुभाष पटेल, मनोज बैरागी, विष्णु विनोदिया एवं सुंदर मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# बाइक से घर लौट रहे युवक की खड़े ट्रॉला से टकराकर मौत

**मंडला, नवभारत।** मंडला से रायपुर नेशनल हाईवे-30 पर एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है, जहाँ एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जाता है कि घटना उस समय हुई जब युवक अपनी बाइक से किसी काम से ग्राम पदमी की तरफ गया था, वहां लौटते समय हादसे का शिकार हो गया और युवक की मौत हो गई। जानकारी अनुसार युवक अपनी बाइक पर सवार होकर नेशनल हाईवे 30 स्थित ग्राम पदमी किसी काम से गया हुआ था। वहां से वापस युवक अपने घर के लिए निकला, इसी दौरान नेशनल हाईवे-30 पर सड़क पर खड़े एक भारी-भरकम ट्रॉला से उसकी बाइक की सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### मौके पर ही तोड़ दिया दम

टक्कर के कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और अत्यधिक चोट आने की वजह से उसने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मृतक की पहचान ग्राम मुरुमखाप निवासी पंकज उइके (24) पिता पुरुषोत्तम उइके के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई व जांच शुरू कर दी है।

# घरों से मोबाइल उड़ाने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**आरोपी से पुलिस ने किए 6 स्मार्टफोन बरामद**

**मंडला।** जिला मुख्यालय की कोतवाली पुलिस ने शहर में सक्रिय मोबाइल चोरों के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 6 कीमती मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

जानकारी अनुसार मंडला जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रात के समय चोरी की शिकायतें मिल रही थीं। लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने सघन पतासाजी शुरू की और साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्यों को खंगाला। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी की पहचान मयंक श्रीवास पिता भद्दूलाल श्रीवास के रूप में हुई है, जो मूल रूप से चिरईडोंगरी बम्हनी का निवासी है और वर्तमान में स्वामी सीताराम वार्ड, मंडला में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी कर ली है। इस कार्रवाई में एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान, सउनि भुवनेश्वर वामनकर, वंदना नाग, प्रधान आरक्षक मोहन कुडापे, आरक्षक रमेश, प्रियांश, मृदुल एवं यमुना की मुख्य भूमिका रही। वहीं आरोपी को ट्रैक करने में साइबर सेल से पुनीत, धीरेन्द्र एवं मधुर का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।



# कटंगी में 2 जून से होगा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**नवभारत, कटंगी।** नगर के श्री जानकी रमन मंदिर परिसर में 2 जून से भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। कथा वाचक अयोध्या धाम से संत प्रवर श्री सिया वल्लभदास वेदांती महाराज होगें।

आयोजक आशीष अग्रवाल एवं स्वप्निल अग्रवाल ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक भव्य आयोजन में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करें तथा धर्म लाभ लें।


कलश शोभायात्रा शाम चार बजे मंदिर वाडा से जानकी रमन मंदिर कटंगी जावेगी और कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, ज्ञान एवं धर्म के महत्व का वर्णन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन एवं कथा प्रवचन होंगे। श्रीमद्भागवत कथा का साप्ताहिक धार्मिक आयोजन 2 जून से भव्य शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा ।



# धनपुरी में अवैध ईंट भट्टों का जाल

**कोयला सप्लाई पर उठे गंभीर सवाल**

**पर्यावरण प्रदूषण और राजस्व क्षति के बीच प्रशासनिक कार्रवाई पर क्षेत्रवासियों की नजर**



**नवभारत, धनपुरी।** धनपुरी क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बिना वैध अनुमति और पर्यावरणीय मानकों की अनदेखी कर कई ईंट भट्टे संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इन भट्टों तक खदानों से अवैध तरीके से कोयले की सप्लाई की जा रही है, जिससे पूरे मामले ने और गंभीर रूप ले लिया है।

क्षेत्र में दिन-रात धुआं उगलते ईंट भट्टों से निकलने वाला प्रदूषण आसपास के ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि जहरीले धुएं के कारण सांस एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई ईंट भट्टों के पास पर्यावरणीय स्वीकृति और संचालन संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, फिर भी वे खुलेआम संचालित हो रहे हैं। ऐसे में खनिज विभाग, प्रदूषण नियंत्रण विभाग और राजस्व अमले की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रहती है।

विशेषज्ञों के अनुसार, अवैध ईंट भट्टों के संचालन से शासन को राजस्व की हानि होती है, वहीं अवैध कोयला खपत से खनिज संपदा को भी नुकसान पहुंचता है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि प्रशासन संयुक्त जांच दल गठित कर ईंट भट्टों की वैधता, कोयले की सप्लाई श्रृंखला और पर्यावरणीय मानकों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करे।

### इनका कहना है

आज तक कोई शिकायत हमें प्राप्त नही हुई है, आपके द्वारा जानकारी दी गई है हम अवैध कोयले पर अवश्य कार्यवाही करेंगे, ईंट उद्योग पर कार्यवाही नही कर सकते।

**राहुल शांडिल्य**
**खनिज अधिकारी शहडोल**

**दर्दनाक घटना** | ब्यौहारी अस्पताल में चारों की हो गई मौत

# मां ने तीन बेटियों को कीटनाशक खिलाया, फिर खुद भी निगला

**नवभारत, शहडोल।** महिला ने अपनी तीन बेटियों को कीटनाशक खिला दिया, फिर खुद भी निगल लिया। इससे चारों की तबीयत बिगड़ गई। बड़ी बेटी ने घर से बाहर आकर पड़ोसियों को पुकारा। सारी बात बताई।

पड़ोसी चारों को लेकर ब्यौहारी अस्पताल भागे। जहां डॉक्टरों ने महिला और छोटी दो बेटियों को मृत घोषित कर दिया जबकि बड़ी बेटी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामला हिरवार गांव में रविवार का है। मृतकों की पहचान अनिता सिंह (32) और उसकी बेटियों-रितिका (7), कृष्णकुमारी (4) और अर्पिता (2) के रूप में हुई है। पड़ोसियों ने बताया कि अनिता का पति ड्राइवर है। रोजी-रोटी कमाने दूसरे शहर गया है। घटना के समय घर में मां-बेटियां ही थीं।

सूचना मिलते ही पपौंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ोसियों के बयान दर्ज किए।



महिला के पति को फोन कर जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मौके से अल्मोनियम सल्फाइड का पैकेट मिला है। मामले की सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। कीटनाशक देने के बाद घर में आग लगाई थी। टीआई बृजेंद्र मिश्रा ने कहा- बड़ी बेटी रितिका ने पड़ोसियों को बताया कि अनीता ने बेटियों को खांसी की दवा कहकर कीटनाशक दिया था। फिर घर में रखे सभी दस्तावेज, कपड़े, फोटो और अनाज में आग लगा दी थी। कीटनाशक की कम मात्रा गले से नीचे जाने पर रितिका बेसुध नहीं हुई। वह घर से बाहर आई और शोर मचाया। टीआई ने बताया- रितिका इस बात की जानकारी नहीं दे पाई कि मां ने ये कदम क्यों उठाया? घर के आर्थिक हालत बहुत अच्छे नहीं हैं। अनीता का पति करीब दो महीने पहले परिवार से मिलने आया था।

### सास-ससुर से अलग रहता था परिवार

पुलिस ने बताया- अनीता अपने बच्चों को लेकर सास, ससुर से अलग रहती थी। पति उसे खर्च के लिए पैसे भेजता था। इसके अलावा वह खुद भी मजदूरी करती थी। पुलिस अनीता के मायकेवालों के बयान दर्ज करेगी, ताकि घटना का कोई सुराग मिल सके।